प्रादेशिक समाचार
दिनांक–23.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह का किया उद्घाटन, कहा– भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देना।

2. झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ रोकने के लिए राज्य व केंद्र सरकार को पहल करने का दिया निर्देश, कहा– आदिवासियों के अस्तित्व पर है खतरा।

3. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर जनता से वादाखिलाफी का लगाया आरोप, कहा– युवाओं को न नौकरी मिली न भत्ता।

4. झारखंड महिला पुलिस सम्मेलन रांची में शुरु, महिला पुलिसकर्मियों के लिए अवसर, चुनौती और भविष्य की रणनीति पर हो रही है चर्चा ।

और

5. खेलो झारखंड के तहत नेहरू कप हॉकी के बालिका वर्ग में खूंटी, हजारीबाग, गिरिडीह, बोकारो और गुमला तथा बालक वर्ग में चतरा, रांची और गुमला ने दर्ज की जीत।

****

देश आज पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मना रहा है। यह दिवस चंद्रयान की सफलता को समर्पित है। इस सिलसिले में नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित मुख्य समारोह का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की प्रगति शानदार रही है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार 25 अगस्त को सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।. यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 113वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. एआईआर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

****

झारखंड उच्च न्यायालय में बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने कहा कि घुसपैठ एक गंभीर मामला है और इसके कारण झारखंड के संताल इलाके में आदिवासियों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। कोर्ट ने इस स्थिति को चिंताजनक बताते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को इसे रोकने के उपाय करने को कहा है।

****

केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने राज्य सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। श्रीचौहान रांची स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं को न तो नौकरी मिली और न ही भत्ता।

श्रीचौहान ने आरोप लगाया कि रांची में आज की भाजयुमो की रैली में आनेवाली गाडियों को प्रशासन रोक रहा है। यह अलोकतांत्रिक है।

****

राज्य के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया है कि आक्रोश रैली में राज्य के विभिन्न जिलों से आ रहे युवाओं के वाहनों को जगह–जगह पर रोका जा रहा है। श्रीबाउरी ने कहा कि राज्य का युवा आज अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

****

झामुमो के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने जल्द ही मंत्रिमंडल और पार्टी से इस्तीफा देने के संकेत दिये हैं। श्री सोरेन ने कहा कि वे कोल्हान की सभी 14 विधानसभा सीटों पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि अच्छे साथी की तलाश है और अच्छे साथी जुड़ भी रहे हैं।

****

राजधानी रांची के डोरंडा के जैप–1 स्थित शौर्य सभागार में आज से दो दिवसीय राज्यस्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन की शुरुआत हुई। एडीजी प्रशिक्षण सह आधुनिकीकरण सुमन गुप्ता ने बताया कि इस सम्मेलन में महिला पुलिसकर्मियों के लिए अवसर, चुनौती और भविष्य की रणनीति पर विचार–विमर्श किया जा रहा है।

****

साहिबगंज में कई जगहों पर ओपन जिम लगाने के लिए जिला प्रशासन ने प्रस्ताव तैयार कर विभाग को भेजा है।

****

आकाशवाणी रांची की ओर से रांची के मोरहाबादी स्थित रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में कल श्रावणी संगीत उत्सव का आयोजन किया जा रहा है । सहायक निदेशक सह कार्यक्रम प्रमुख गौरव शिखर राय ने बताया कि संगीत का यह कार्यक्रम दिन के साढ़े ग्यारह बजे शुरू होगा।

****

पूर्वी सिंहभूम के जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने समाहरणालय परिसर से बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ किसानों को योजना का लाभ लेने के लिए जागरूक करेगा। इसके तहत 31 अगस्त तक आवेदन जमा लिए जाएंगे।

****

राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में पिछले 24 घंटे के दौरान रुक रुककर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्यभर में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। रांची मौसम केन्द्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि कई जिलों में भारी बारिश भी हो सकती है।

****

खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत राजधानी रांची में राज्यस्तरीय जवाहरलाल नेहरू कप हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट के पहले दिन अंडर 17 बालिका वर्ग में खूंटी, हजारीबाग, गिरिडीह, बोकारो, गुमला की टीम ने जीत से शुरुआत की। वहीं अंडर 17 बालक वर्ग में चतरा, रांची और गुमला की टीम ने अपने–अपने मैच जीत लिये हैं।

****